# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
## क्षेत्रीय केन्द्र, कोटा

क्रमांक :वमखुवि / क्षे.के.कोटा / 2025 / 116 दिनांक 21 .06.2025

## M.Sc Physics ( Final) अनिवार्य प्रायोगिक परामर्श शिविर सूचना (NEW SCHEME)

**M.Sc Physics (Final) प्रायोगिक परीक्षा सत्र जून 2025 एवं दिसम्बर 2025 (प्रवेश सत्र जुलाई 2024 एवं जनवरी 2025) (नियमित एवं डिफाल्टर)**

प्रवेश सत्र **जुलाई 2024** एवं **जनवरी 2025** में क्षेत्रीय केन्द्र, कोटा पर प्रवेशित M.Sc Physics उत्तरार्द्ध में क्षेत्रीय केन्द्र कोटा के अध्ययन केन्द्र राजकीय महाविद्यालय, कोटा पर पंजीकृत नियमित तथा कार्यक्रम की निर्धारित अधिकतम अवधि में आने वाले पूर्व वर्षो के डिफाल्टर विद्यार्थी जिन्हें प्रायोगिक कार्य हेतु राजकीय महाविद्यालय, कोटा आवंटित हुआ है, निम्न तालिकानुसार 80 काउंसलिग दिवसीय संयुक्त प्रायोगिक परामर्श शिविर एवं प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रायोगिक कक्षा समय सारणी, प्रायोगिक परीक्षा की तिथि इत्यादि की जानकारी प्रायोगिक शिविर के दौरान भौतिकी विभाग, राजकीय महाविद्यालय कोटा द्वारा दी जायेगी।

| क्र.सं. | प्रोग्राम के नाम | शिविर की अवधि | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M.Sc Physics (Final) | 80 काउन्सलिंग दिवस तक | 10.07.2025 से प्रारम्भ | प्रथम दिन उपस्थिति 11:00 AM | भौतिकी विभाग, राजकीय महाविद्यालय, कोटा। |

दूरस्थ शिक्षा पद्धति के लिए यु.जी.सी दूरस्थ शिक्षा परिषद विनियम अनुसार प्रायोगिक विषय के प्रायोगिक शिविर में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। सम्बन्धित प्रायोगिक पाठ्यक्रम कक्षाओं में न्यूनतम 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर उस सम्बन्धित प्रायोगिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी एवं छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम अपूर्ण रहेगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वंय छात्र की होगी।

विद्यार्थियों को शिविर के दौरान रहने व खाने की व्यवस्था स्वंय के स्तर पर करनी होगी। सभी को अपना मान्य मूल फोटो युक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। **यह शिविर के Old Scheme Camp अंतर्गत पात्रता रखने बाले विद्यार्थियों के लिए नहीं है।**

यदि प्रायोगिक सूचना में किसी प्रकार की विसंगति लगति है तो विद्यार्थी क्षेत्रीय केन्द्र कोटा पर संपर्क करें।

**Old Scheme Camp का अभिप्राय :–**

**Old Scheme Camp** के अन्तर्गत अर्हता ( पात्रता ) रखने वाले विद्यार्थी निम्नानुसार होगें :–

( i ) जिनके कार्यक्रम की निर्धारित अधिकतम अवधि पूरी नहीं हुई हो ।

( ii ) जिनका **VMOU, Kota M.Sc Physics** कार्यक्रम में पहली बार का प्रवेश सत्र जनवरी 2018 या जुलाई 2017 या इसके पूर्ववर्ती सत्रों का हो अर्थात् जिनके स्कॉलर संख्यां निम्न रूप से होगें।

18XXXX – 01XXXX या 17XXXX – 07XXXX या 17XXXX – 01XXXX या 16XXXX – 07XXXX या 16XXXX – 01XXXX या 15XXXX – 07XXXX या 15XXXX – 01XXXX

**New Scheme Camp** का अभिप्रायः :–

**New Scheme Camp** के अन्तर्गत अर्हता ( पात्रता ) रखने वाले विद्यार्थी निम्नानुसार होने :–

जिनका **VMOU, Kota** में **M.Sc. Physics** कार्यक्रम में पहली बार का प्रवेश सत्र जुलाई 2019 या जुलाई 2020या इसके पश्चात सत्रों का हो अर्थात् जिनके स्कॉलर संख्यां निम्न रूप से होगें।

19XXXX – 07XXXX या 20XXXX – 07XXXX या 21XXX –07XXXX या 22XXXX – 07XXXX.....

क्षेत्रीय केन्द्र कोटा के लिए आयोजित होने वाले इस कैम्प के लिए प्रायोगिक डिफाल्टर विद्यार्थी ऑफलाइन आवेदन मय शुल्क क्षेत्रीय केन्द्र, कोटा पर प्रायोगिक शिविर प्रारम्भ होने से पूर्व दिनांक 05.07.2025 तक जमा करा सकता है। इस शिविर के लिए ऑनलाइन फार्म भरने का विकल्प नहीं होगा। क्षेत्रीय केन्द्र, कोटा। दूरभाष नं. **0744–2473517, 9414028113**

निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निदेशक, क्षेत्रीय सेवा प्रभाग, वमखुवि, कोटा।
2. निदेशक, अकादमिक, वमखुवि, कोटा।
3. निदेशक, विज्ञान विद्यापीठ, वमखुवि कोटा ।
4. परीक्षा नियन्त्रक, वमखुवि कोटा ।
5. नियन्त्रक वित्त, वमखुवि कोटा।
6. संयोजक भौतिकी, वमखुवि, कोटा।
7. प्रभारी वेब, ईएमपीसी, वमखुवि कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना को अतिशीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने की व्यवस्था करावें।
8. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कोटा।
9. समन्वयक, राजकीय महाविद्यालय, कोटा को भेजकर लेख है, कि उपरोक्त समय–सारणी में परिवर्तन निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र, कोटा की अनुमति उपरांन्त होगा एवं परिवर्तित समय–सारणी की प्रति एवं परीक्षा सत्र जून 2025 एवं दिसम्बर 2025 में उपस्थित विद्यार्थियों के प्रायोगिक अंक ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर परीक्षा नियंत्रक महोदय को एवं हार्ड कोपी निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र कोटा को भिजवाने का श्रम करावें ।

सहायक कुलसचिव